मा॰राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन संख्या–673/2018 More river stretches are now critically polluted के संबंध में प्रमुख सचिव, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तराखण्ड शासन/अध्यक्ष, नदी कायाकल्प समिति (RRC) की अध्यक्षता में गठित समिति की दिनांक 02.07.2025 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्तः–

उपस्थितिः–

1. सुश्री कहकशां नसीम, अपर सचिव, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. श्री एस॰पी॰सुबुद्धि, निदेशक, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय, उत्तराखण्ड।
3. डा॰पराग मधुकर धकाते, सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
4. श्री विशाल मिश्रा, निदेशक, एस॰पी॰एम॰जी॰, देहरादून।
5. श्री चन्दन सिंह, मुख्य पर्यावरण अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
6. श्री एल॰एन॰ मिश्रा, अपर निदेशक, शहरी विकास विभाग, देहरादून।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बैठक का शुभारम्भ किया गया। बैठक में निदेशक, राज्य पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा मूल आवेदन सं0–673/2018 में मा॰प्राधिकरण द्वारा दिनांक 20.09.2018 को पारित आदेश के क्रम में अवगत कराया गया कि मा॰प्राधिकरण द्वारा राज्य में 09 Polluted River Stretches को उनके BOD Load के आधार पर चिन्हित करते हुए Polluted River Stretches में जल की गुणवत्ता Bathing purpose हेतु निर्धारित मानक BOD<3 mg/l व Fecal Coliform <500 MPN/100ml प्राप्त किये जाने हेतु Action Plan तैयार कर उसके अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित् किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2– सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया कि मा॰प्राधिकरण के आदेश के क्रम में सभी 09 Polluted River Stretches का Action Plan तैयार कर River Rejuvenation Committee व केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त उक्त Action Plan को Execute किये जाने हेतु सम्बन्धित एजेन्सियों को निर्देशित किया गया है।

3– पर्यावरण विशेषज्ञ, एस॰पी॰एम॰जी॰ द्वारा अवगत कराया गया कि liquid waste management हेतु जनपद ऊधमसिंहनगर की क्रमशः ढेला, बहला, किच्छा, कोसी, पीलाखर व नन्धौर नदियों के catchment area में प्रस्तावित 09 STP के सापेक्ष 07 STPs का निर्माण पूर्ण कर Trial testing किया जा रहा है। शेष 02 STPs सितारगंज व हेमपुर (काशीपुर) का निर्माण जुलाई, 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। उक्त सभी Stretches में स्थित ड्रेन को Tapped कर लिया गया है। सुसवा नदी के सपेरा बस्ती में प्रस्तावित STPs (15 MLD) का निर्माण गतिशील है।

4– अपर निदेशक, शहारी विकास, देहरादून द्वारा अवगत कराया गया कि सभी नदियों के Catchment area में स्थापित स्थानीय निकायों क्रमशः रूद्रपुर, काशीपुर द्वारा legacy waste का Remediation कार्य पूर्ण हो चुका है। स्थानीय निकाय देहरादून, बाजपुर व सितारगंज में legacy waste के निस्तारण का कार्य गतिमान है। नगर निगम देहरादून में Solid waste plant संचालित है। अन्य स्थानीय निकायों क्रमशः काशीपुर, रूद्रपुर, बाजपुर, रामनगर, सितारगंज में Solid waste management plant का कार्य गतिमान है।

5– बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ विचार–विमर्शोपरान्त अध्यक्ष, नदी कायाकल्प समिति (RRC) महोदय द्वारा निम्न निर्देश दिये गये :–

**(क)** उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं उत्तराखण्ड पेयजल निगम आपसी समन्वय स्थापित करते हुए catchment area में संचालित सभी STPs को मानकों के अनुरूप संचालित कराया जाय। इसके अतिरिक्त STPs हेतु Real Time Monitoring की व्यवस्था भी सुनिश्चित् की जाय।

**(कार्यवाही–PCB/पेयजल निगम)**

**(ख)** कल्याणी नदी के सीवर लाइन के स्थलों पर अतिक्रमण हटाते हुए, STPs निर्माण हेतु जल निगम, नगर निगम से सहमति प्राप्त कर औद्योगिक उत्प्रवाह को नदी में जाने से रोकने की कार्यवाही जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित की जाय। कल्याणी नदी Rejuvenation की शीघ्रातिशीघ्र DPR अतिशीघ्र तैयार करा ली जाय।

**(कार्यवाही –SPMG/जिला प्रशासन/पेयजल निगम)**

**(ग)** Catchment area में स्थापित स्थानीय निकायों यथा–काशीपुर, रूद्रपुर, बाजपुर, रामनगर, सितारगंज में Solid waste management plant का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करा लिया जाय। साथ ही Flood Plain Zoning से संबंधित कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाय।

**(कार्यवाही–शहरी विकास विभाग/ SPMG)**

**(घ)** Polluted River Stretch (Ganga-Haridwar to Sultanpur) को Bathing criteria achieve करने पर Polluted River Stretches की सूची से हटाते हुए Polluted River Stretch (Ganga along with Indrishpur) को जोड़ा गया है। विगत 03 वर्षों में BOD व Fecal Coliform की मात्रा Bathing criteria के अनुरूप होने के दृष्टिगत Polluted River Stretch पुनर्विचार किये जाने हेतु केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को अवगत कराया जाय।

**(कार्यवाही–PCB & SPMG)**

अन्त में सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

Digitally signed by
Kahkashan Naseem
Date: 15-07-2025
18:51:52

**(कहकशां नसीम)**
अपर सचिव।

**उत्तराखण्ड शासन**
**पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग**
संख्याः– 314337 /XXXVIII-1–25/ई॰–18043
देहरादूनः दिनांकः 24 जुलाई, 2025

**प्रतिलिपिः–**निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष, राज्य नदी कायाकल्प समिति, उत्तराखण्ड।
2. सचिव, पेयजल, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।

3. निदेशक, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय, उत्तराखण्ड।
4. सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
5. प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम।
6. निदेशक, शहरी विकास, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. महाप्रबन्धक, एन0एम0सी0जी0, राजपुर रोड, देहरादून।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

Digitally signed by
SATYA PRAKASH SINGH
Date: 25-07-2025
12:18:12

(सत्यप्रकाश सिंह)
संयुक्त सचिव।